# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 192, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण एकादशी संवत् 2083
गुरुवार, 11 जून 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


**तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 28.0° | 41.0° |
| इंदौर | 25.0° | 40.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 39.0° |
| ग्वालियर | 29.0° | 43.0° |
| सागर | 28.0° | 41.0° |



**राजधानी...** प्रधानमंत्री मोदी का कीर्तिमानः प्रदेश भर में ...


**खेल...** चार साल बाद टेनिस कोर्ट पर लौटीं सेरेना, जीत के साथ की...


**व्यापार...** सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव ...


**देश-विदेश...** अफ्रीकी लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान करता...


## खास-खबरें

### पाक का अफगानिस्तान पर हमला, 13 की मौत

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसीः** पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई क्षेत्रों में मिसाइल हमले किए। तालिबान सरकार के अनुसार इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं तथा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने आरोप लगाया कि कुनार, खोस्त और पक्तिका में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और नागरिक घरों पर बमबारी की।

### तृणमूल के बागी 19 सांसदों की सूची जारी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी टूट तेज होती जा रही है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले एक बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों की सूची जारी की है, जिनमें पार्टी के कई प्रमुख चेहरों के नाम शामिल बताए गए हैं। इनमें जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का नाम भी बताया गया है। यह दावा किया गया है कि यह सभी सांसद अलग गुट के समर्थन में हैं। इससे पहले काकोली घोष ने आठ जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को बीस सांसदों के समर्थन का पत्र भेजने की बात कही थी। वहीं, पार्टी में असंतोष बढ़ने के साथ ही कई सांसद और विधायक अलग गुटों में शामिल हो रहे हैं। राज्यसभा में भी पार्टी को झटका लगा है। हाल ही में दो राज्यसभा सांसदों के अलग होने की जानकारी सामने आई है।

**'कांग्रेस की नाकामी का कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया'**

# मेरे लिए जनता ही ईश्वर का रूपः मोदी



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए।

इस मौके पर भारत मंडपम में उन्होंने एनडीए की बैठक को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा इतने लंबे समय तक मां भारती की सेवा का सौभाग्य मिलना भगवान की विशेष कृपा से संभव हो सकता है। मेरे लिए जनता ही ईश्वर का रूप है। मैंने सेवा को साधना के रूप में देखा है। ये साधना भी एकाकी नहीं, एक सामूहिक यज्ञ है। यह सभी कार्यकर्ताओं की उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी, लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे। श्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। अभी उनका यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है। उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पीएम मोदी की उपलब्धि और एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत मंडपम में एनडीए की बैठक हुई। इसमें भाजपा-एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, डिप्टी सीएम और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने पीएम मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद मोदी और भाजपा-एनडीए नेताओं ने झालमुड़ी खाई।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम को अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर दी। अप्रैल 2026 में बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान पीएम ने झाड़ग्राम में झालमुड़ी खाई थी। दुकान वाले से उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रखा, जबकि नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने उसका समर्थन किया।

## होर्मुज के पास ऑयल टैंकर पर मिसाइल हमला, 3 भारतीय लापता

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, एजेंसीः** अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास 'सेत्तेबेल्लो' नाम के ऑयल टैंकर पर मिसाइल हमला किया, जिससे जहाज के इंजन रूम में आग लग गई। इस टैंकर पर 28 क्रू मेंबर थे, जिनमें 24 भारतीय शामिल थे। हादसे के बाद 21 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 3 भारतीय अब भी लापता हैं। हमले के समय पलाऊ



के झंडे वाला यह टैंकर ओमान के सोहार बंदरगाह से करीब 37 किलोमीटर दूर मौजूद था। इस घटना पर भारत सरकार ने कड़ी नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान में भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर रखे हुए है। लापता भारतीयों का पता लगाने की कोशिश जारी है। मामले की गंभीरता देखते हुए भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत (चार्ज द अफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब किया है।

## ईरान पर बरसे ट्रम्प

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, एजेंसीः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने समझौते में देर की और अब उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले ईरान ने बहरीन कुवैत और जॉर्डन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन कार्रवाइयों को अमेरिकी हमलों के जवाब में बताया।

# मीनाक्षी की अपील दिल्ली में भी खारिज

**राज्यसभा में भाजपा के तीनों उम्मीदवारों का जाना तय**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को मीनाक्षी नटराजन की अपील खारिज कर दी है। इधर, राज्यसभा प्रत्याशियों की अंतिम सूची में भारतीय जनता पार्टी के तीन उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए हैं। इनमें तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम प्रमुख हैं। वहीं, कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया है। नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस ने इस फैसले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है। पार्टी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, भूपेश बघेल और विवेक तन्खा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। कांग्रेस नेताओं ने आयोग से शिकायत करते हुए कहा कि नामांकन रद्द करने का निर्णय कानूनी आधार पर गलत है। उनका कहना है कि जिस कारण से नामांकन निरस्त किया



गया, वह कानून में स्पष्ट रूप से लागू नहीं होता। उन्होंने तर्क दिया कि संबंधित मामले में केवल नोटिस जारी हुआ था और कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ था। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मीनाक्षी नटराजन पर कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसे छिपाना आवश्यक होता। पार्टी ने इस पूरे निर्णय को अनुचित बताते हुए पुनर्विचार की मांग की है।

इधर, कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलने की भी योजना बनाई है ताकि इस मुद्दे पर आगे की कार्रवाई की जा सके। राजनीतिक माहौल के बीच भोपाल में कांग्रेस ने सामूहिक उपवास किया और विरोध प्रदर्शन भी किया। इसी दौरान निर्वाचन कार्यालय के बाहर विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक प्रदर्शन भी देखा गया।


## 12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का

**प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से**

## हार्दिक आभार और अभिनंदन





आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026